दैनिक जागरण 23/02/2025

# वसंत उत्सव में शास्त्रीय संगीत ने बांधा समां

- गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज के संगीत, युवा एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की ओर से वसंत उत्सव नामक क्लासिकल संगीत कार्यक्रम हुआ
- शास्त्रीय गायक पंडित सुरेश गंधर्व ने मनमोहक गायन शैली से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध, अभिषेक ने संगीतमय वातावरण को जीवंत किया



शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत करते पंडित सुरेश गंधर्व व अन्य। ● सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता●अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज के संगीत, युवा एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में बसंत उत्सव नामक एक भव्य क्लासिकल संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह संगीतमय कार्यक्रम कालेज के आडिटोरियम में संपन्न हुआ, जिसमें शास्त्रीय गायक पंडित सुरेश गंधर्व ने अपनी मनमोहक गायन शैली से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ हारमोनियम पर डा. तरुण जोशी, तबला पर नितिन शर्मा तथा नगमा वादक के रूप में अभिषेक मेडल ने अपनी उत्कृष्ट संगत से संगीतमय वातावरण को और भी जीवंत बना दिया। इस मौके पर डा. एसएस नैन ने कहा कि क्लासिकल संगीत हमारी सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इस तरह के आयोजनों के माध्यम से हमें अपनी समृद्ध परंपरा को महसूस करने और सराहने का अवसर प्राप्त होता है। यह संगीतमय संध्या न केवल एक उत्कृष्ट सांस्कृतिक अनुभव थी, बल्कि विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत रही। इस संगीत कार्यक्रम की संयोजक डा. मंजीत कौर एवं सहसंयोजक डा. चंद्रपाल पूनिया रहे, जबकि आयोजन सचिव डा. राजेंद्र कुमार ने किया। मंच संचालन डा. मंजीत कौर और डा. अमित कुमार ने बखूबी किया।

इसी तरह को में टीचिंग और नान टीचिंग स्टाफ के लिए तनाव प्रबंधन कार्यशाला आयोजित की गई। मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डा. अनुपमा सिहाग ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य तनाव के स्त्रोतों और शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव की पहचान करना, कर्मचारियों को प्रभावी तनाव प्रबंधन तकनीकों से लैस करना, स्वस्थ कार्य-जीवन संतुलन को बढ़ावा देना और एक सहायक कालेज को बढ़ावा देना।